## नवरात्र के तीसरे दिन हुई मां चंद्रघंटा की आराधना

**केरेडारी(आजाद सिपाही)** । आदि शक्ति माँ दुर्गा के पूजन के महापर्व शारदीय नवरात्र के तीसरे दिन बुधवार को माँ दुर्गा के तीसरे स्वरूप माँ चंद्रघंटा की आराधना की गई श्रद्धालु भक्तों ने पुरे भक्ति भाव के साथ माँ चन्द्रघंटा का पूजन किया वहीँ पुरोहितों ने दुर्गा सप्तशती का पाठ पुरे विधि विधान से वैदिक मंत्रोचार के साथ करवायो एक ओर सुबह में जहाँ पूजा अर्चना की धूम रहती है वहीँ देर शाम को संध्या आरती में श्रद्धालुओं की भीड़ भी उमड़ रही है साथ ही प्रसाद वितरण अ कार्यक्रम भी चलता है जिसमें श्रद्धालु भक्त बढ़ चढ़ के अपना योगदान दे रहे हैं उसके बाद रात भर भजन कीर्तन का दौर चलता है प्रखण्ड वासी अपने अपने तरीके से माँ की भक्ति में जुटे हुए हैं गुरुवार को माँ दुर्गा के चुतर्थ स्वरूप माँ कुष्मांडा की पूजा अर्चना की जायेगी प्रखण्ड में अब नवरात्र को लेकर लोगों में उत्साह का माहौल व्याप्त है।

## सर्प दंश से अधेड़ व्यक्ति की मौत

**केरेडारी(आजाद सिपाही)** । प्रखण्ड के पेटो पंचायत के बड़की बुकरू गांव में के एक अधेड़ व्यक्ति वासुदेव यादव की मौत सर्प दंश से इलाज के दौरान हो गई मृतक पने पिछे दो लड़का और दो लड़की छोड़कर चले गऐ सांप काटने के बाद परिजन ने इन्हें सदर अस्पताल हजारीबाग इलाज के लिए ले गए लेकिन इलाज के दौरान इनकी मृत्यु हो गई पंचायत की मुखिया कौशल्या देवी ने मृतक के परिजनों से मिलकर ढांढस बंधाया व हर संभव सहायता का भरोषा दियो मौके पर नरेश यादव, कैलाश यादव, जगनारायण यादव, छोटू यादव, गणेश जाधव, जगरनाथ यादव सहित कई लोग मौजूद थे ।

## तेरह सूत्री मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन जारी



**चलकुशा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड़ मुख्यालय के समक्ष अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन पंद्रहवां दिन भी जारी है। आंदोलनकारी ने चलकुशा, परसाबाद और झरपो (टाटीझरिया) निर्मित पॉवर सब-स्टेशन, चलकुशा ग्रामीण जलापूर्ति योजना, बरकनगांगो ग्रामीण जलापूर्ति योजना, कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय चलकुशा को शुरू करने, पलमा मोड़ से केशवारी तक पीडब्ल्यूडी पथ निर्माण को पूर्ण करने और घटिया निर्माण की जांच कराने सहित हाथियों को अन्यत्र भगाने हेतू स्पेशल टीम बांकुड़ा से मंगवाने, हाथियों द्वारा तोड़े गए मकान के जगह पक्का मकान बनवाने, हाथियों द्वारा नष्ट किये गए फसलों का छतिपूर्ति मुआवजा केम्प लगाकर देने, बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र में व्याप्त भ्रष्टाचार को रोकने, सुखाड़ की पैकेज की राशि शीघ्र किसानों को देने, तुर्कबाद(बरकट्ठा) और बेडोकला(बरकट्ठा) में पॉवर सब स्टेशन का शीघ्र निर्माण शुरू करने, कोरोना काल का बिजली बिल माफ करने और तीन सौ यूनिट मुफ्त बिजली देने, गरीब असहाय और जरूरतमंद व्यक्तियों का नाम प्रधानमंत्री आवास प्लस योजना की मांग को लेकर पंद्रहवां दिन भी अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन पर बैठे हैं। धरना प्रदर्शन स्थल में पूरा दिन भर बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र से भारी संख्या में आम जन आये और आंदोलन के नेतृत्व कर्ता पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव से मिलकर आंदोलन को तेज कर, रेल और नेशनल हाईवे को रोकने की बात की तभी सरकार और प्रशासन का नींद खुलेगा। इस पर पूर्व विधायक श्री यादव ने कहा कि दशहरा पर्व में हमलोग यह काम अभी नहीं करेंगे क्योंकि लोग रेल और सड़क मार्ग से अपना घर पर्व मनाने आते हैं। और हम लोग का आंदोलन से जनता को किसी भी तरह की कठिनाई नहीं होनी चाहिए। लेकिन यदि जिला प्रशासन और सरकार हम सबों की तेरह सूत्री मांगों को पुरा नहीं की तो दुर्गा पूजा के बाद रेल और नेशनल हाईवे को रोका जायेगा। पूर्व विधायक जानकी यादव ने कहा कि अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन का समर्थन पूरे बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र के गाँव-गाँव से और दिव्यांग जनों द्वारा भी मिल रहा है। मौके पर मुखिया संघ अध्यक्ष आलोक सिंह, पूर्व विधायक प्रतिनिधि महावीर यादव, पूर्व मुखिया संघ अध्यक्ष दशरथ यादव, युवा नेता अनुज रवि, पूर्व प्रमुख प्रतिनिधि सह वर्तमान मुखिया प्रतिनिधि मनैया केदार यादव, वरिष्ठ नेता बाबुलाल बिहारी, परवेज आलम, कलीम अंसारी, जयकृष्ण सिंह, किशोरी पाण्डेय, सुभाष यादव, कृष्णा सिंह, बिरेन्द्र यादव, भीखी सिंह, महबूब अंसारी, गौरीशंकर ठाकुर, जगरनाथ सोनी, सीताराम साव, रमेश पंडित, त्रिवेणी यादव, महेंद्र यादव, गोबिंद सिंह, छोटे सिंह, बिंदेश्वर यादव, विकास कुमार, सूरज कुमार, बंधू मंडल, मणिलाल महतो, महेश यादव, लक्ष्मण यादव, रहमान अंसारी, बिंदेश्वर यादव सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## शिविर लगाकर दिव्यांगों के बीच उपकरण का वितरण

**मरकच्चो (आजाद सिपाही)** । प्रखंड मुख्यालय मरकच्चो स्थित बाल विकास कार्यालय के समीप बुधवार को शिविर लगाकर प्रखंड के दिव्यांग जनों के बीच नि:शुल्क उपकरण का वितरण किया गया। मालूम हो कि भारत सरकार व राज्य सरकार के सहयोग से जून माह में कोडरमा जिला में चार दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन कर कुल 69 दिव्यांग जनों का उपकरण देने हेतु चयनित किया गया था। उसी के आलोक में 28 सितंबर को बाल विकास पदाधिकारी मरकच्चो राम सुमन प्रसाद के द्वारा ट्राई साइकिल, व्हीलचेयर, बैसाखी आदि का वितरण किया गया। मौके पर बाल विकास पदाधिकारी राम सुमन प्रसाद, डॉक्टर अभिलाषा, सुधीर कुमार गुप्ता, डॉक्टर हरिचंदन समेत कई लाभुक भी उपस्थित थे।

## जहर खाकर युवती ने की आत्महत्या की कोशिश

**कोडरमा (आजाद सिपाही)** । डोमचांच थाना महेशपुर के पास एक युवती ने जहर खाकर आत्महत्या की कोशिश की। युवती की पहचान शीला कुमारी उम्र 18 वर्ष पिता श्यामलाल यादव ग्राम महेशपुर के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार घरेलू विवाद को लेकर बाजार से जहर लाकर खा लेना से अचानक तबीयत बिगड़ने लगी जिसके बाद आनन-फानन में ग्रामीणों की मदद से कोडरमा सदर अस्पताल लाया गया जहां इलाज चल रहा है।

## सांसद खेल महोत्सव के तहत फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन



**सतगावां (आजाद सिपाही)।** प्रखण्ड के ब्लॉक मैदान में बुधवार को सांसद खेल महोत्सव के तहत फुटबॉल टूनार्मेंट का उद्घाटन मुख्य अतिथि कोडरमा सांसद पुत्र मयंक यादव ने फीता काटकर किया। उद्घाटन मैच में कटैया की टीम ने शानदार आगाज करते हुए नावाडीह को 7 गोल से पराजित किया जबकि दूसरे मैच में समलडीह की टीम ने राजावर को 3 गोल से शिकस्त दी। इस टूनार्मेंट में प्रखण्ड के कुल 14 टीमो में भाग लिया जिसका फाइनल मुकाबला एक अक्टूबर को खेला जाएगा। मैच में काफी संख्या में दर्शकों ने मैच का लुफ्त उठाया। मौके पर भारतीय जनता पार्टी के जिला महासचिव राजकुमार यादव, सांसद प्रतिनधि बिनोद यादव, राजेश यादव, ब्रह्मदेव यादव, मो अलाउद्दीन, मुन्ना यादव, रणधीर कुमार, दिवाकर यादव, मो नईमुद्दीन समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

## जवाहर नवोदय विद्यालय कोडरमा में नौवीं कक्षा में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन जारी



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** जवाहर नवोदय विद्यालय कोडरमा में नौवीं कक्षा में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन जारी है, और फॉर्म जमा करने की अंतिम तिथि 15 अक्टूबर 2022 है। इस वर्ष 31 रिक्ति उपलब्ध है और अधिक संख्या में मेधावी छात्रों के लिए एक बहुत अच्छा मौका है। जिले को जिले के सर्वश्रेष्ठ विद्यालयों में से एक के लिए चुना जाना है। नवोदय विद्यालय शिक्षा मंत्रालय के तहत एक पूरी तरह से आवासीय प्रणाली है और विद्यालय के छात्र जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में काफी सफल रहे हैं। छात्रों का चयन एमसीक्यू आधारित लिखित परीक्षा के माध्यम से किया जाता है और परीक्षा के माध्यम से केवल बहुत उज्ज्वल छात्रों का चयन किया जाता है। इस साल 31 सीटें उपलब्ध हैं क्योंकि फर्जी प्रमाणपत्रों के कारण वर्ष 2020 में कई छात्रों को खारिज कर दिया गया था। जिले के छात्रों के लिए ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से आवेदन करने और कोडरमा जिले के प्रीमियम इंस्टॉलेशन में से एक में चयनित होने का यह एक और अवसर है।

## मरकच्चो में शांति समिति की बैठक

**मरकच्चो (आजाद सिपाही)** । दुर्गा पूजा पर्व को लेकर बुधवार को मरकच्चो थाना परिसर में शांति समिति की बैठक की गई। बैठक में प्रमुख विजय कुमार सिंह, अंचलाधिकारी रामसुमन प्रसाद, बीडीओ पप्पु रज्जक, पूर्व प्रमुख सावित्री देवी, डोमचांच अंचल निरीक्षक श्रीराम पासवान, थाना प्रभारी सुमीत साव ने शारदीय दुर्गा पूजा शांति व सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की। बैठक में उपस्थित सभी लोगों ने कहा कि निश्चित तौर पर सभी लोग मिलजुल कर शांति और सौहार्द पूर्ण वातावरण में पर्व को मनाएंगे। बैठक में बच्चा चोर की अफवाह पर लोगों को ध्यान में रखने की बात कही गयी।

# पति ने पत्नी की गोली मार कर की हत्या

### तीन महीने की गर्भवती थी, पुलिस ने पति को किया गिरफ्तार

**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** नवविवाहिता गर्भवती पत्नी को पति द्वारा गोली मारकर हत्या करने का मामला प्रकाश में आया है। घटना बड़कागांव थाना क्षेत्र के नापोखुर्द गांव की 27 सितंबर रात लगभग 10 बजे की है। प्राप्त समाचार के अनुसार नापोखुर्द निवासी बिंदेश साव के पुत्र शशि कुमार एवं परिजनों द्वारा पूजा कुमारी को गोली मारकर हत्या करने का आरोप लगाया गया है। हालांकि इस मामले में पुलिस द्वारा हिरासत में लिए गए शशि कुमार का कहना है कि गांव का बरबनिया निवासी बिल्ली कुमार ने एक रिवाल्वर रखने के लिए दिया था जिसे रात को अपने घर में चेक करने के दौरान शूट हो गया और मेरी पत्नी को लग गई। गोली लगते ही बड़कागांव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया जहां से रेफर हजारीबाग कर दिया गया। लेकिन सदर अस्पताल हजारीबाग से भी रेफर कर देने के बाद रास्ते में उसकी मृत्यु हो गई और शव को अपने घर ले आया। घटना की सूचना पाकर पूजा कुमारी के मायके वाले ने शशि कुमार के घर पहुंच कर हो हंगामा करते हुए घरेलू सामान को तोड़फोड़ एवं घर का सभी सामान निकाल कर बाहर दरवाजे पर आग के हवाले कर दिया गया। साथ ही शशि कुमार को पकड़ कर मारपीट की जा रही थी कि इसी बीच पुलिस को सूचना मिलते ही घटनास्थल पर पहुंचकर शशि कुमार को हिरासत में ले लिया गया।



सुबह होते ही पुलिस द्वारा शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए हजारीबाग भेज दिया गया। इधर पूजा कुमारी के पिता रिंकू साव द्वारा आवेदन देकर हत्या के कारण दहेज बताया गया है। आवेदन में कहा गया है कि मेरी पुत्री का विवाह हिंदू रीति रिवाज से शशि कुमार के साथ 15 जून 22 को बड़े ही धूमधाम के साथ की गई थी। शादी के 1 माह बाद मेरी पुत्री एवं हमसे ससुराल वाले द्वारा 6 लाख दहेज तिलक मांगा जाने लगा नहीं देने पर पुत्री के साथ मारपीट की जाने लगी। 27 सितंबर 2022 को समय लगभग 10 बजे रात को पूर्व से षड्यंत्र रच कर शशि कुमार, शशि के पिता बिंदेश साव, मां हीरा देवी, भाई विक्रम कुमार एवं प्रवीण महतो पिता देवकी महतो ग्राम गंगादोहर थाना बड़कागांव सहित अन्य अज्ञात लोगों द्वारा मिलकर पूजा कुमारी को मारपीट करते हुए बेहोश कर देने के बाद गोली मारकर हत्या कर देने का आरोप लगाया गया है। आवेदन में ग्रामीणों को शशि कुमार के घर से एक खोखा मिलने की भी बात कहीं गई है। वहीं ग्रामीण सूत्रों का कहना है कि शशि कुमार द्वारा घटना का अंजाम देने एवं पत्नी को अस्पताल से लाने के बाद साक्ष्य छुपाने का हर संभव प्रयास किया गया जिसके तहत खून से लथपथ कपड़े को धो दिया गया साथ ही साथ दीवाल में खून के छीटें को भी धोने का प्रयास किया गया। घटना के बाद शशि कुमार का माता- पिता एवं भाई घर से फरार हो गए। इस संबंध में ग्रामीणों ने आगे कहा कि शशि कुमार एवं पूजा कुमारी के बीच शादी के पूर्व कई माह पहले से ही प्रेम प्रसंग चल रही थी जिसका उजागर होने के बाद ग्रामीणों की मध्यस्थता के बाद दोनों परिवार के बीच अरेंज मैरिज कर शादी की गई। पूजा कुमारी के पिता द्वारा उस समय 5 लाख 75 हजार नगद दहेज एवं भारी भरकम दान दहेज दी गई थी। पूजा लगभग 3 माह का गर्भवती बताई जा रही है। इस घटना को लेकर क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।

## कोडरमा और सतगावां में दुर्गा पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक

**कोडरमा/सतगावां (आजाद सिपाही)।** कोडरमा थाना परिसर में बुधवार को दुर्गापूजा त्योहार को लेकर शांति समिति की बैठक किया गया। इस अवसर पर बीडीओ रोशमा डुंगडुंग ने पूजा कमेटी के लोगों को विशेष इंतजाम करने को कहा। साथ ही कहा कि डीजे पर विशेष प्रतिबंध रहेगा। थाना प्रभारी इंदु भूषण कुमार ने कहा की जिला प्रशासन व कोडरमा पुलिस के द्वारा सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम किया जाएगा। आप लोगों को किसी तरह की कोई समस्या हो तो हमें सूचित करें। मौके पर पुरनानगर मुखिया अनिता देवी, चंद्रदेव यादव, अनीता देवी मुखिया चाराडीह, शिव शंकर सिंह, चंद्रदेव यादव, विजय कुमार सिंह, विजय यादव, सुभाष राणा, मुकेश प्रसाद, प्रकाश रजक, मो इल्यास, मुन्ना कुमार सिंह, गोपाल साहू, जमुना यादव, भगवान दास, रविंद्र कुमार, राजकुमार यादव, जितेंद्र कुमार, अशोक कुमार, रामचंद्र यादव, राम लखन सिंह, जयसिंह, कृष्णा साही, एसआई दिलीप कुमार झा, सलीम लुगुन, एसआई सुधीर सिंह व अन्य उपस्थित थे। वहीं सतगावां थाना परिसर में दुर्गा पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक आहूत की गई। जिसकी अध्यक्षता बीडीओ बैद्यनाथ उरांव एवं थाना प्रभारी उत्तम कुमार वैध संयुक्त रूप से किया। शांति समिति में विधायक प्रतिनिधि धनंजय यादव, प्रमुख प्रतिनिधि रामोतार चौधरी, उप प्रमुख मनोज कुमार निराला, मुखिया संघ अध्यक्ष उत्तम सिंह, मुखिया प्रतिनिधि बिनोद यादव, मुखिया प्रतिनिधि श्रीकांत यादव, मीरगंज मुखिया मन्टु चौधरी, कोठीयार पंचायत मुखिया बीरेन्द्र राय, सांसद प्रतिनिधि विनोद यादव, विधायक प्रतिनिधि अनिल यादव, समाज सेवी दिपेश अग्रवाल, व्यास कुमार, प्रवीण यादव, अजित यादव, अझर रवानी, थाना से श्याम करण सिंह, मुकेश कुमार, निशांत अहमद, सुजित कुमार आदि उपस्थित थे।

### एक दिवसीय रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन

# रक्तदान एक नैतिक जिम्मेवारी हर व्यक्ति आये आगे : उपायुक्त

**▶▶ युवा पीढ़ियों को बढ़-चढ़कर रक्तदान करना चाहिए : पुलिस अधीक्षक**



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** हजारीबाग यूथ विंग के द्वारा एक दिवसीय रक्तदान शिविर एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन रेड क्रॉस सोसायटी के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित किया गया। शिविर का उद्घाटन उपायुक्त नैंसी सहाय, पुलिस अधीक्षक मनोज रतन चौथे, रेड क्रॉस सोसाइटी के सचिव तनवीर सिंह, बड़ा बाजार टीओपी के थाना प्रभारी घनश्याम सिंह, हजारीबाग यूथ विंग के संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन, शहर के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ वी वेंकटश,अग्रवाल समाज के मंत्री श्रवण अग्रवाल, नीरज अग्रवाल सुमन राम रायका, दिगंबर जैन पंचायत के महामंत्री पवन जैन अजमेरा ने संयुक्त रूप से किया।उपायुक्त नैंसी सहाय ने कहा कि रक्तदान एक नैतिक जिम्मेवारी है जिसे प्रत्येक व्यक्ति को निभाना चाहिए। पुलिस अधीक्षक मनोज रतन चौथे ने कहा कि रक्तदान के प्रति युवा पीढ़ियों को बढ़-चढ़कर रक्तदान करना चाहिए।वही हजारीबाग यूथ विंग के सचिव संजय कुमार, कोषाध्यक्ष रितेश खंडेलवाल, कार्यकारिणी सदस्य आलोक कुमार, प्रमोद खण्डेलवाल ने रक्तदान कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम को विशेष सफल बनाने में संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन, अध्यक्ष विशाल खंडेलवाल, सचिव संजय कुमार, उपाध्यक्ष विकास केसरी, कोषाध्यक्ष रितेश खण्डेलवाल, कार्यकारिणी सदस्य आलोक कुमार, अजीत चंद्रवंशी, अतिशय जैन, प्रणीत जैन, सनी देव सहित कई लोगों ने अपना बहुमूल्य योगदान दिया। रक्त दाताओं में अमरदीप यादव, संजय कुमार,आलोक कुमार, निलेश जैन, अविनाश दुबे, केशरी कुमार सिन्हा, विकास कुमार, ईशांत सिंह, शांभवी सिन्हा, राहुल सिंह, विकास रंजन खण्डेलवाल ने रक्तदान किया।

## उपायुक्त ने भवन परिसर में नीम जामुन तथा पीपल का पौधा लगाया



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)** । पर्यटन स्वच्छता पखवाड़ा के तहत आज 28 सितंबर को समाहरणालय भवन में उपायुक्त नैंसी सहाय एवं तमाम पदाधिकारियों व कर्मियों ने परिसर भवन की सफाई की। इस अवसर पर उपायुक्त ने नीम, जामुन तथा पीपल का भी पौधा लगाया। मौके पर उपायुक्त ने पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेवारी तय करने की बात कही। उन्होंने कहा कि हर जिम्मेवार नागरिक का यह प्रमुख कर्तव्य है की वें समाज,पर्यावरण एवं स्वच्छता को लेकर संवेदनशील रहें। इस स्वच्छता कार्यक्रम में प्रशिक्षु आईएएस शताब्दी मजूमदार एवं सभी विभागों के पदाधिकारी व कर्मी उपस्थित थे।

# पूर्व कृषि मंत्री योगेंद्र साव का कांग्रेस कार्यालय में किया गया भव्य स्वागत

**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** जिला कांग्रेस कार्यालय कृष्ण बल्लभ आश्रम में झारखंड के पूर्व कृषि मंत्री योगेन्द्र साव का पुष्पगुच्छ भेट कर तथा फुल माला पहना कर भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला अध्यक्ष अवधेश कुमार सिंह ने आशा व्यक्त कि पूर्व मंत्री योगेन्द्र साव का कांग्रेस कार्यकताओं के बीच आ जाने से निश्चित रूप से जिला कांग्रेस का संगठन सशक्त और धार-धार बनेगा। उन्होंने भारत जोड़ो यात्रा का जिक्र करते हुए कहा कि हमारे पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी कन्या कुमारी से काश्मीर तक 3750 किलोमीटर की लंबी पदयात्रा पर हैं हमें जिला के हर एक बूथ पर भारत जोड़ो यात्रा को सफल बनाना है । इस अवसर पर पूर्व कृषि मंत्री योगेन्द्र साव ने कहा कांग्रेस एक परिवार है और कांग्रेसी कार्यकर्ता परिवार के अंग हैं। उन्होंने कहा कि गरीब गुरबा के हक की




लड़ाई के लिए मैं कभी पिछे नही रहूंगा और जल, जंगल और जमीन की लड़ाई लड़ी है और मेरा इस लड़ाई में संघर्ष जारी रहेगा। आगे उन्होंने कहा कि झारखंड में जब भाजपा की सरकार थी तो तत्कालीन मुख्य मंत्री के द्वारा मुझे कांग्रेस पार्टी से तोड़ने का प्रयास किया गया और जब हम नही टुटे तो मुझे जेल भिजवा दिया गया । मुख्य अतिथि बड़कगांव की विधायक अम्बा प्रसाद ने कहा कि कार्यकर्ता संगठन के रीढ़ होते इनके ही सहयोग से 2024 को लोक सभा और विधान सभा का चुनाव लड़ कर कांग्रेस पार्टी को उच्च शिखर पर ले जाने का काम करूंगी। स्वागत समारोह में 20 सुत्री कार्यक्रम के जिला उपाध्यक्ष जवाहरलाल सिन्हा पूर्व जिला अध्यक्ष विजय कुमार यादव, उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता निसार खान, कार्यकारिणी के सदस्य शशिकांत ओझा, अदिब रिजवी, शशि मोहन सिंह, डॉ. आरसी प्रसाद मेहता, सुनिल अग्रवाल, साजिद हुसैन, मनोज नारायण भगत, साजिद अली खान, शैलेन्द्र कुमार यादव, बिनोद सिंह, कुमारी विनिता, राजीव कुमार मेहता, ओमप्रकाश झा, जावेद मल्लिक, लखराज सिंह, मकसूद आलम, सुरजीत नागवाला, डॉ. दीपक बंधू, मनिषा टोप्पो, बिनोद कुशवाहा, दिलदार अंसारी, सरयू यादव, प्रकाश यादव, गोविंद राम, गौतम कुमार मेहता, असगर अली, अनवर हुसैन, सदरूल होदा, अब्दुल मनान वारसी, विकास यादव, विशेश्वर स्वर्णकार, रविन्द्र गुप्ता, नरसिंह प्रजापति, कौलेश्वर प्रजापति, राम जन्म राय, तसलीम अंसारी, शारदा रंजन दुबे, सुनिल कुमार ओझा, गोवर्धन गंझू, रवि सिंह, अजित कुमार सिंह, विशेश्वर चौबे, उदय साव, गुड्डू सिंह, लाल मोहन रविदास आदि उपस्थित थे।

## कर्णपुरा महाविद्यालय में प्रबुद्ध जन बुद्धिजीवी सम्मेलन का आयोजन



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)** । बड़कागांव प्रखंड के कर्णपुरा महाविद्यालय में सेवा पखवाड़ा 28 सितंबर को प्रबुद्धजन बुद्धिजीवी सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता पूर्वी भाजपा मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो व संचालन महामंत्री इंद्र भूषण कुमार ने किया। इस दौरान मुख्य अतिथि पूर्व विधायक लोकनाथ महतो ने कहा कि इस सम्मेलन में बुद्धिजीवी मंच के लोगों विशेष शिक्षा गुणवत्तापूर्ण समाज में देने का कार्य कर रहे हैं एवं करने का भी अपील किया। वहीं विशिष्ट अतिथि पूर्व प्रमुख सह जिला परिषद सदस्य टुकेश्वर प्रसाद ने कहा कि शिक्षा के बिना समाज व अच्छे रास्ते पर चलने में समस्याओं का सामना करना पड़ता है ,इसलिए शिक्षा के बिना जीवन अधूरी है ।मौके पर मुख्य रूप से पूर्व विधायक लोकनाथ महतो पूर्व प्रमुख सह जिला परिषद सदस्य टुकेश्वर प्रसाद, प्राचार्य कृतिनाथ महतो, पूर्व मुखिया श्रीकांत निराला, अनीता देवी, डॉक्टर बालेश्वर महतो ,पूर्वी भाजपा मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो, इंद्र भूषण कुमार, निरंजन प्रसाद नीरज के अलावा शंकर विद्यार्थी उपस्थित थे।

## निहांत ऑटोमोबाइल महिंद्रा कंपनी शोरूम का उद्घाटन किया गया



**चरही (आजाद सिपाही)।** निहांत ऑटोमोबाइल श 2 प्लाजा कॉम्प्लेक्स चरही में महिंद्रा कम्पनी चार पहिया वाहन शोरूम बुधवार को बदस्तूर कांग्रेस नेता लखराज सिंह के हाथो फिता काटकर शुभ उद्घाटन किया गया ।चरही कोयलांचल क्षेत्र में ऐसे कम्पनी का डीलरशिप केंद्र का शुभारंभ होना बहुत ही खुशी की बात है इससे इस क्षेत्र के लिए गौरव की बात है और अब कोयलांचल क्षेत्र के उपभोक्ता लोगों को हजारीबाग या रामगढ जैसे दुरी जगहों पर जाने से समय का भी बचत होगा साथ दर्जनों लोगों को रोजगार भी मिल पाएगा और सर्विसिंग के लिए भी दूर नहीं जाना पडेगा। शोरूम संचालक चरही पंचायत पुर्व मुखिया प्रतिनिधि सह समाजसेवी उमेश सिंह ने कहा कि इस क्षेत्र के लोगों को वाहनों की खरीदारी करने और सर्विसिंग के लिए बिस से पच्चीस किलोमीटर की दूरी तय कर दूसरे जगहों पर जाना पडता था अब अपना चरही में सारा सुविधा मुहैया है। दुर्गा पूजा एवं दिवाली धनतेरस जैसे पर्व में खरीदारी करने पर विषेश छुट मिलेगा ऐसे ऑफर का लाभ उठाएं। इस उद्घाटन समारोह में कम्पनी की अधिकारी जनप्रतिनिधियों समाजसेवियों चरही के दुकान संचालक एंव अन्य प्रकार की व्यवसाय लोग उपस्थित हुए।

## धरमपुर में चलाया गया स्वच्छता अभियान



**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)** । प्रखंड क्षेत्र के धरमपुर पंचायत भवन में स्वच्छ मिशन अभियान के अंतर्गत पंचायत के मुखिया कांति देवी के नेतृत्व में स्वच्छता अभियान चलाया गया. जिसमें पंचायत के सभी वार्ड सदस्य, जलसहिया मौजूद रहे. स्वच्छता अभियान के दौरान पंचायत भवन में बैठक मुखिया की अध्यक्षता में की गई. जिसमें सभी को स्वच्छता के प्रति शपथ दिलाया गया. उसके बाद पंचायत भवन से साफ सफाई का कार्य प्रारंभ किया गया. जिसके बाद धरमपुर स्कूल में स्वच्छता अभियान चलाया चला कर व सफाई करके स्वच्छता का संदेश दिया गया. मौके पर पंचायत में ऐसे जगहों को भी चिन्हित किया गया है, जहां के लोग अभी भी खुले में शौच करते हैं. खुले में शौच नहीं करने के लिए लोगों को जागरूक किया जा रहा है. इस दौरान प्रेमचंद देवी, कुंती देवी, लोकनाथ गोप, कंचन देवी, मालती देवी, बसंती देवी, ममता देवी, व स्कुल के शिक्षक आदि मौजुद थे.

## रोलर स्केटिंग में तीन-तीन गोल्ड लाकर ऋषभ ने किया बड़कागांव का नाम रोशन



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** झारखंड स्टेट स्केटिंग एसोसिएशन द्वारा रांची खेलगांव में 24 एवं 25 सितंबर को आयोजित प्रतियोगिता में एक सौ मीटर ,200 मीटर एवं 500 मीटर में गोल्ड लाकर बड़कागांव प्रखंड के बाबूपारा गांव निवासी रविंद्र कुमार दास का 9 वर्षीय पुत्र ऋषभ अभिजीत ने पूरे क्षेत्र समय राज्य का नाम रोशन करते हुए राष्ट्रीय रोलर स्केटिंग क्वाड में अपनी जगह बनाई है जिससे क्षेत्र के लोगों में काफी खुशी है जिसको लेकर 26 सितंबर को हजारीबाग उपायुक्त नैंसी सहाय ने मेडल देकर सम्मानित किया उक्त बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की ऋषभ हजारीबाग दून सेंट्रल स्कूल की कक्षा 4 का विद्यार्थी है जिससे 9 से 11 वर्ष के बीच के बच्चों के बीच में राज्य स्तर पर गोल्ड प्राप्त की जिसको लेकर क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने बधाई दी है।

## बड़कागांव के तीनों जिप सदस्य प्रतिनिधियों ने गुलदस्ता देकर योगेंद्र साव का किया स्वागत



**बड़कागांव (आजाद सिपसाही)।** बड़कागांव प्रखंड के तीनों जिला परिषद क्षेत्र के प्रतिनिधि द्वारा पूर्व मंत्री योगेंद्र साव के हजारीबाग स्थित आवास में मुलाकात कर गुलदस्ता देकर स्वागत किया गया। अनौपचारिक मुलाकात के दौरान तीनों प्रतिनिधियों ने बड़कागांव प्रखंड अंतर्गत अपने- अपने क्षेत्र की वस्तु स्थिति से अवगत कराया गया। स्वागत करने वालों में बड़कागांव पश्चिमी जिला परिषद सदस्य आशमिन निशा के पति मोहम्मद इब्राहिम, पूर्वी जिला परिषद सदस्य गीत देवी के पति दीपक करमाली एवं मध्य जिला परिषद सदस्य सुनीता देवी के पुत्र निशिकांत कुमार शामिल थे।

## एनटीपीसी ने सीकरी में नि:शुल्क मेडिकल कैंप का किया आयोजन



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)** । एनटीपीसी के द्वारा सिकरी पंचायत के जमनीडीह के आंगनबाड़ी केन्द्र में निशुल्क मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया जिसमें 155 मरीजों का इलाज डॉ. सेरेन एस, डॉ.विदुषी श्रीवास्तव के द्वारा जांच किया गया ।साथ में पैरा मेडिकल कर्मी बीरेंद्र कुमार, माला कुमारी, फुलशो कुमारी, बजरंगी राम पूर्व उपप्रमुख राम प्रसाद महतो, शशि कुमार, प्रदीप प्रभाकर, वार्ड सदस्यों सोनामति देव, तालेश्वर महतो उपस्थित थे।

## चेचकपी पंचायत भवन में स्वास्थ्य विभाग के तत्वावधान में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन



**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** प्रखण्ड के चेचकपी पंचायत भवन में स्वास्थ्य विभाग के तत्वाधान से स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया ।बताया गया कि आयुष्मान भारत योजना के चार वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया ।शिविर में दर्जनो ग्रामीणों का स्वास्थ्य जांच करते हुए निशुल्क दवा वितरित किया गया। बता दें कि शिविर में लोगो का मलेरिया,टायफायड, शुगर,बीपी, नेत्र जांच व अन्य बीमारियों का जांच किया गया ।वहीं जरूरतमंदों के लिए आयुष्मान कार्ड बनाए गए। शिविर में आयुष चिकित्सक डॉ फातिमा,आयुष्मान मित्र सुधीर पासवान,संजय कुमार,विवेक कुमार, इम्तियाज भारती आदि स्वास्थ्यकर्मी मौजूद थे।

## 2 टन 3 क्विंटल लोहे के साथ चार चोरों को बासल पुलिस ने पकड़ा, भेजा जेल



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** बासल पुलिस ने 27 सितंबर की रात्रि जयनगर रसदा के समीप छापामारी अभियान चलाकर लोहा चोर गिरोह को धर-दबोचा है। साथ ही 2 टन 3 क्विंटल लोहा भी जब्त किया है। मामले की जानकारी देते हुए बासल थाना प्रभारी सैनिक सामड ने बताया कि बीती रात्रि सीआईएसएफ पतरातू द्वारा सूचना मिली थी कि एनटीपीसी पतरातू से लोहा चोरी कर चोर रसदा जयनगर के रास्ते जा रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस तत्काल वहां पहुंची। इस दौरान 10-15 की संख्या में लोहा चोर सड़क किनारे स्थित एक मकान में लोहा चोरी कर इकट्ठा कर रहे थें। एक तरफ सीआईएसएफ की गश्ती दल व दूसरी तरह पुलिस गश्ती दल को देख चोर भागने लगें। पुलिस ने घटना स्थल से जयनगर निवासी दिलीप सोनार को धर-दबोचा, जबकि अन्य सभी भागने में सफल हो गये। पूछताछ करने पर दिलीप ने बताया कि मैं और बलकुदरा निवासी बॉबी करमाली उर्फ अजय करमाली, राजकुमार करमाली, कपील करमाली, मलटू मुंडा, मंतोष मुंडा, राजेंद्र सोनी, मनोज मुंडा, सिकंदर मुंडा, बुटन करमाली, पवन मुंडा एनटीपीसी कंपनी से लोहा चोरी कर उक्त स्थल पर जमा कर लोहे को जयनगर निवासी सोनी खान के पतरातू स्थित कबाड़ी में बेचे हैं। घटना के दिन दिलीप के निशानदेही पर आसपास का क्षेत्र व उक्त मकान की तलाशी ली गई तो वहां से लोहे का छह पीस टेशन बार, छह पीस डबल एंगल, पांच पीस चेकई प्लेट, 93 पीस नट, छह पीस पीन, आठ पीस लोहे की पाइप की बरामद की गई। बरामद लोहे की वजन लगभग 2 टन 3 क्विंटल है। पुलिस ने दिलीप के निशानदेही पर राजकुमार करमाली, कपील करमाली व बॉबी करमाली उर्फ अजय करमाली को भी धर-दबोचा है। साथ ही अन्य अभियुक्तों को पकड़ने के लिए पुलिस छापामारी कर रही है। बुधवार को गिरफ्तार चारो अभियुक्तों को जेल भेज दिया है। छापामारी अभियान में थाना प्रभारी के साथ सअनि अखिलेश कुमार के साथ सशस्त्र बल शामिल थे।

## ओवर लोड बालू लदा हाइवा जब्त

**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** भुरकुंडा ओपी क्षेत्र के मतकमा चौक के समीप बीती रात्रि पुलिस ने ओवर लोड बालू लदा हाईवा जब्त किया है। जानकारी के अनुसार पतरातू एसडीपीओ डॉ. बिरेंद्र कुमार चौधरी ने हाईवा को पकड़कर भुरकुंडा ओपी को सौंपा है। भुरकुंडा पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है। मालूम हो कि कोयलांचल में इन दिनों हाईवा से अवैध बालू की तस्करी जोरशोर से चल रही है।

## दुर्गा पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित



**टंडवा (आजाद सिपाही)।** थाना परिसर में दुर्गा उत्सव, दशहरा मानाने को लेकर शांति समिति की बैठक किया गया।जिसकी अध्यक्षता बीडीओ रंथु महतो, संचालन थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर विजय कु सिंह,ने किया।मुख्य रूप से दशहरा त्यौहार में प्रत्येक प्रकार के एहितयात बरतने संबंधित विचार विमर्श किया गया।मौके पर बीडीओ ने कहा की जिला प्रशासन द्वारा निर्देशित सीसीटीवी कैमरा लगाने,सांस्कृतिक कार्यक्रम में भड़काऊ,अश्लील गीत, नृत्य पर पाबंदी की गयी है।शराबियो हुडदंगिओ से निपटने के लिए पूजा समिति को सुरक्षा स्वयं सेवक गठित कर थाना को सूचित करने,एव आगजनी से बचने के लिये बालू एकत्र कर रखने,सोसल मिडिया पर विवादित पोस्ट, अफवाहों से बचने,प्रतिमा विसर्जन 6 अक्टूबर करने,ज्वलन शील पदार्थ पुजा पंडाल में नही रखने, शांति सौहार्द स्थापित करने को लेकर कई दिशा निर्देश दिया गया।उपस्तिथ लोगो ने धनगडा,खदैया,मिश्रोल,बडगांव,टंडवा,सराढु में पुलिस फोर्स बढ़ाने की मांग किया गया।इस मौके पर सीओ विजय कुमार दास,उत्तम साव,प्रताप चौरासिया,मुखिया अरविन्द सिंह,मुखिया विश्वजीत उरांव,रुदेश नायक,बरुण सिंह,मुखिया सबिदा खातुन,बासुदेव बंसत,विकास पाण्डेय,सोनू,राजेश बरई,मोहन,बिक्की मालाकार,महेश वर्मा,उत्तम साहू,रामलखन साव,मोइन अंसारी,सियाराम,फूलचंद साव,उपेंद्र यादव,अमानत अंसारी,मुखिया सरिता देवी समेत दर्जनों बुद्धिजीवी उपस्तिथ थे।

## दो बाइक सवार रिवाल्वर के साथ गिरफ्तार



**चतरा (आजाद सिपाही)।** एसपी राकेश रंजन को मिली गुप्त सूचना पर एसडीपीओ अविनाश कुमार ने त्वरित करवाई करते अपने नेतृत्व में एक टीम बनाई जिसमे सदर थाना प्रभारी मनोहर करमाली, एसआई कौशल कुमार सिंह, एएसआई शशिकान्त ठाकुर समेत ने संयुक्त टीम गुरुवार को समाहारनालय स्थित शेरे पंजाब होटल के पास दो व्यक्ति घुम रहा था। एसडीपीओ ने दोनों से सर्च के बाद दोनों के पास से अवैध देशी रिवॉलवर के साथ गिरफ्तार किया। इस संदर्भ में सदर थाना कांड सं- 307/22 धारा 25 (1-ु)2/26/35 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। दोनो के पास से एक देशी रिवॉलवर, स्क्रीन टच मोबाइल, एक काला रंग का पल्सर मोटरसाईकिल जिसका नंबर खल्0 1इउ-7565 है। राहुल कुमार पिता अजित राम ग्राम ओन्हे थाना टण्डवा जिला चतरा व आदित्य यादव पिता विष्णु यादव ग्राम होन्हे थाना टण्डवा जिला चतरा का रहने वाला है। दोनों अपराधी को जेल भेज दिया गया। यह जानकारी एसडीपीओ अविनाश कुमार ने प्रेस रिलीज जारी कर दी। उन्होंने कहा दोनों बड़ी घटना को अंजाम देने में लगे थे।

## सेफ्टी ऑडिट टीम ने कुजू क्षेत्र की मशीनों का किया निरीक्षण

**कुजू (बातद सिपाही)।** आईएसओ रांची की टीम ने सीसीएल कुजू क्षेत्र के विभिन्न परियोजनाओं में तैनात खनन मशीनों का निरीक्षण किया। मुख्यालय मैनेजर एक्शावेशन आईएसओ प्रियंका प्रसाद व अशोक कुमार ने कुजू क्षेत्र के सेफ्टी ऑफिसर संजय कुमार सिंह की मौजूदगी में करमा परियोजना के शॉवेल मशीन का सेफ्टी ऑडिट की। इस दौरान अधिकारियों की टीम ने खनन कार्य में प्रयुक्त होने वाले शॉवेल मशीन के रियर कैमरा, ब्रेक सिस्टम व फायर फायटिंग सिस्टम की जांच करते हुए कई आवश्यक दिशा निर्देश दिया। बाद में अधिकारियों की टीम ने तोपा परियोजना पहुंचकर सेफ्टी अधिकारी की मौजूदगी में खनन मशीनों का निरीक्षण करते हुए सेफ्टी के लिहाज से उपलब्ध व्यवस्था का जायजा लिया। साथ ही मौजूद प्रोजेक्ट इंजीनियर एक्शावेशन अंजनी कुमार सिंह व सेफ्टी ऑफिसर नीलेश कुमार को मशीनों को सुरक्षा के दृष्टिकोण से दुरूस्त रखने का निर्देश दिया। मैनेजर आईएसओ प्रियंका प्रसाद ने सुरक्षा मानकों का हर हाल में पालन करते हुए कंपनी कार्य को आगे बढ़ाने को कहा। मौके पर करमा परियोजना के सेफ्टी ऑफिसर

## कांग्रेस की बैठक में योगेंद्र साव के स्वागत की बनी रूपरेखा

**पतरातू (आजाद सिपाही)।** पतरातू मेन रोड स्थित आदर्श क्लब परिसर में बुधवार को पतरातू प्रखंड कांग्रेस पार्टी की बैठक हुई। इसमें हाल ही में जेल से छुटे पूर्व विधायक सह पूर्व मंत्री के स्वागत की रुपरेखा बनाई गई। इसमें कहा गया कि 29 सितंबर को पोचरा स्थित मां वनजारी में योगेन्द्र साव पूजा अर्चना करेंगे और इसके बाद पतरातू आएंगे। इस दौरान घुटुआ से पीटीपीएस स्थित लेक रिसोर्ट तक दर्जनों स्थानों पर उनका जोरदार स्वागत किया जाएगा बैठक में स्वागत के लिए विभिन्न स्थानों को चिन्हित भी किया गया। मौके पर सुमित पटेल, कृष्णा सिंह, योगेंन्द्र सिंह खरवार, बितका बाउरी, योगेन्द्र सिंह खरवार, अमित साव, चंदन साव, चंदन साव, अंजन साव, राजकिशोर पाण्डेय, खुशबु देवी, मदन दांगी, लियाकल अंसारी, मो हसीब, नईम अंसारी, प्रदीप साहु, रमेश बेदिया, बैजनाथ साव, तिलेश्वर साव, जगदीश साव, अमरनाथ यादव, मोबिन खान, पवन यादव, प्रभात यादव, सुदेश्वर बेदिया, मनोज महतो, नरेन्द्र सिंह, पंकज महतो, देव बेदिया, रामकुमार महतो, अमित कुमार, छोटु कुमार, चंद्रदेव करमाली, अफजल अंसारी, बोधि दांगी आदि कार्यकर्ता शामिल थे। चंद्रवीर नारायण, प्रोजेक्ट इंजीनियर पंकज समेत अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

### दुर्गा पूजा को लेकर जिला शांति समिति की बैठक संपन्न

# पूजा पंडालों में लगेंगे सीसीटीवी कैमरे प्रवेश और निकास द्वार होगा अलग : एसपी

**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** रामगढ़ जिले में 2 वर्ष के बाद काफी छूट के साथ दशहरा का पर्व मनाया जा रहा है। इस मौके पर उमड़ने वाली भारी भीड़ को नियंत्रित करने के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएंगे। इसमें पूजा समितियों के द्वारा भी भरपूर सहयोग किया जाएगा। यह बातें बुधवार को जिला स्तरीय शांति सह निगरानी समिति की बैठक में एसपी पीयूष पांडे ने कही। उन्होंने कहा कि कोरोना महामारी के उपरांत इस वर्ष हम पूर्व में जारी दिशा-निर्देशों में कई छूट के साथ पर्व मना रहे हैं। इसलिए यह बहुत जरूरी है कि पर्व शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाया जाए। मौके पर उन्होंने सभी शांति समिति एवं पूजा समिति सदस्यों से अनिवार्य रूप से पंडाल में सीसीटीवी कैमरे की व्यवस्था रखने एवं पंडाल में आने वाले सभी लोग कैमरे की नजर में है से संबंधित सूचना लगाने का निर्देश दिया। पर्व के दौरान बड़ी संख्या में लोगों के पंडालों में आने के मद्देनजर भीड़भाड़ को नियंत्रण करने के लिए पुलिस अधीक्षक ने पंडाल में एंट्री व एग्जिट पॉइंट चिन्हित करने एवं वहां वालंटियर प्रतिनियुक्त करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिया। बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक ने शांति समिति के सभी सदस्यों एवं विभिन्न पूजा समिति के सदस्यों से सोशल मीडिया के माध्यम से किसी भी प्रकार की अफवाह सामने आने पर प्रथम दृष्टया किसी भी हाल में उस पर विश्वास नहीं करने को । साथ ही तुरंत इसकी जानकारी नजदीकी थाना व जिला प्रशासन को देने का निर्देश दिया। वहीं उन्होंने सभी अधिकारियों को पर्व के दौरान सोशल मीडिया पर विशेष ध्यान रखने एवं किसी भी प्रकार से सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने अथवा अफवाह फैलाने वाले के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान उप विकास आयुक्त ने जिला प्रशासन द्वारा पर्व के शांतिपूर्ण आयोजन हेतु जारी दिशा निर्देशों का अनिवार्य रूप से सभी से पालन करने की अपील की। वहीं उन्होंने पर्व के दौरान भीड़ भाड़ की स्थिति में बच्चों के भटकने के मद्देनजर सभी पूजा समिति के सदस्यों को पब्लिक ऐड्रेस सिस्टम का अच्छी तरह से इस्तेमाल करने को कहा। आने वाले लोगों को उनके बच्चों के पॉकेट में अभिभावक के संबंधित पते व फोन नंबर डालने के प्रति जागरूक करने सहित अन्य उपायों की जानकारी दी। बैठक के दौरान अनुमंडल पदाधिकारी मोहम्मद जावेद हुसैन ने पर्व के शांतिपूर्ण आयोजन हेतु जिला प्रशासन द्वारा जारी दिशानिर्देशों के संबंध में सभी को विस्तार से जानकारी दी। समिति के सदस्यों से ज्यादा से ज्यादा लोगों तक दिशा निर्देशों को पहुंचाने की अपील की। वही उन्होंने पर्व के दौरान किसी भी हालत में आपत्तिजनक गाने नहीं बजाने का निर्देश दिया।



## दशहरा मेले को लेकर गाड़ियों की पार्किंग के लिए चयनित किया गया स्थल

**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** कोरोना काल के बाद इस वर्ष दशहरा का पर्व काफी धूमधाम से मनाया जा रहा है। जिला प्रशासन भी इस त्यौहार में उमड़ने वाली भीड़ को कंट्रोल करने के लिए पहले से ही अलर्ट हो गई है। बुधवार को एसडीओ मो जावेद हुसैन, डीटीओ सौरभ कुमार, रामगढ़ थाना प्रभारी एच एन सिंह, यातायात थाना प्रभारी विपिन कुमार ने शहर में गाड़ियों की पार्किंग की व्यवस्था के लिए स्थानों का जायजा लिया गया। मौके पर एसडीओ मो जावेद हुसैन ने बताया कि सप्तमी, अष्टमी, नवमी और दशमी को भारी भीड़ सड़कों पर मौजूद रहती है। रात के मेले के दौरान गाड़ियों की वजह से जाम की स्थिति भी बन जाती है। शहर में पूजा पंडालों के आसपास पार्किंग की व्यवस्था के लिए स्थल का जायजा लिया गया है। रामगढ़ शहर में बाहर से आने वाले लोगों को पार्किंग के लिए भी काफी दिक्कत होती है।

**पार्किंग को लेकर स्थलों का किया गया चिन्हित :** एसडीओ मो जावेद हुसैन ने बताया कि इस लिहाज से बाजार टांड़ स्थित शनिचरा बाजार, झंडा चौक स्थित बेसिक स्कूल का प्रांगण, मेन रोड के अलावा नेहरू रोड स्थित मैदान में भी गाड़ियों की पार्किंग की व्यवस्था की गई है। ब्लॉक परिसर में भी गाड़ियों की पार्किंग की व्यवस्था की गई है। इन सभी स्थानों पर लोगों को गाड़ी लगाने की व्यवस्था दी जाएगी। जो भी लोग मेला घूमने शहर आएंगे, उन लोगों को गाड़ी वहीं लगानी होगी। वे अपने परिवार के साथ आराम से मेला घूम सकते हैं। उनकी सुरक्षा के लिए पुलिस जवानों की तैनाती भी की जाएगी।

**श्रद्धालुओं से जिला प्रशासन ने की अपील :** निरीक्षण के दौरान डीटीओ सौरभ प्रसाद ने श्रद्धालुओं से अपील करते हुए कहा है कि आप सभी की बेहतर व्यवस्था को देखते हुए जिला प्रशासन द्वारा पार्किंग व्यवस्था की जा रही। इसमें आप सभी का सहयोग जरूरी है।

## छात्रों के साथ हमेशा खड़ा है आजसू छात्र संघ : राजेश

**गोला (आजाद सिपाही)।** कमता स्थित चंद्र प्रकाश चौधरी इंटर कॉलेज में बुधवार को आजसू छात्र संघ के द्वारा सदस्यता अभियान चलाया गया। इसकी अध्यक्षता आजसू छात्र संघ के प्रखंड अध्यक्ष रविंद्र कुमार एव संचालन आजसू छात्र संघ के कार्यकारी अध्यक्ष विशु रजवार ने किया। मुख्य अतिथि के रुप में बिनावो भावे विश्वविद्यालय प्रभारी राजेश कुमार महतो, विशिष्ट अतिथि अनुराग भारद्वाज, जिला सचिव सुबिन तिवारी, रामगढ़ नगर अध्यक्ष मनोज महतो, वरीय उपाध्यक्ष कुंदन कुशवाहा मौजूद थे। इस अवसर पर राजेश ने कहा कि आजसू छात्र संघ के द्वारा सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत अधिक से अधिक छात्र छात्राओं को जोड़ा जाएगा। आजसू छात्र संघ छात्रों के साथ हमेशा खड़ी रहेगी। मौके पर जिला उपाध्यक्ष नितिश कुमार, प्रखंड उपाध्यक्ष केशव कुमार, राहुल सिंह, नीतीश, शाशि रजवा, नितिश कुशवाहा,सुमित कांलिदी, प्रफूल राज, विनय कुमार आदि थे।

### सीसीएल डीटी ने कुजू क्षेत्र की परियोजनाओं का किया औचक निरीक्षण

# कोयला उत्पादन के मिले लक्ष्य को ससमय करें पूरा : रामबाबू प्रसाद



**कुजू (आजाद सिपाही)।** सीसीएल कुजू क्षेत्र अंतर्गत करमा व तोपा परियोजना का सीसीएल मुख्यालय तकनीकी निदेशक (ऑपरेशन) रामबाबू प्रसाद ने बुधवार को निरीक्षण किया। निरीक्षण कार्यक्रम से पूर्व रामबाबू प्रसाद का महाप्रबंधक कार्यालय, कुजू में जीएम चंद्रशेखर तिवारी सहित अन्य कोयला अधिकारियों ने बुके भेंट कर स्वागत किया। सर्वप्रथम तोपा परियोजना में जीएम सहित कोयला अधिकारियों के साथ खुली खदान के बनवार साइड का औचक निरीक्षण किया। वही, खदान के पॉइंट स्थल से खदान का अवलोकन करते हुए नक्शे के माध्यम से पूरे परियोजनाओं की वास्तुस्थिति से अवगत हुए। उन्होंने मौजूद पदाधिकारियों को सुरक्षा मानक नियमो को अपनाते हुए कोयला उत्पादन लक्ष्य को पूरा करने का दिशा निर्देश दिया। तत्पश्चात रामबाबू प्रसाद ने करमा परियोजना के खुली खदान का औचक निरीक्षण करते हुए मौजूद अधिकारियों को कोयला उत्पादन हेतु मिले निर्धारित लक्ष्य को ससमय पूरा करने का आवश्यक निर्देश दिया। मौके पर जीएम चंद्रशेखर तिवारी, अजीत कुमार सिंह, परशुराम सिंह, सिद्धेश्वर कुमार सिंह, स्टाफ ऑफिसर सेफ्टी संजय कुमार सिंह, एमएम आर वी सिंटू के अलावे तोपा में कार्यकारी पीओ सह खान प्रबंधक एमके सिंह, डिस्पैच अधिकारी परशुराम सिंह, राजेश कुमार, अविनाश कुमार, निलेश कुमार सिन्हा, स्वाधीन सिंह व करमा में पीओ राजेश कुमार, खान प्रबंधक आरएन सिंह, सुरक्षा प्रभारी रामप्रसाद बेदिया, हेमंत सिंह, मुकेश कुमार, कुंवर महतो, शंकर प्रसाद शामिल रहे।

# दो वर्ष से कोविड में त्योहार सादगी से, इस बार धूमधाम में मनायी जायेगी दुर्गापूजा

### इटखोरी में भव्य व आधुनिक पूजा पंडाल का हो रहा निर्माण

- **जीवंत झांकी में नजर आएगी माता दुर्गा, करेगी महिषासुर की बद्ध**
- **प्रसिद्ध मूर्तिकार मनोज प्रतिमाओं को अंतिम रूप देने लगे है**

**अजय चौरसिया**

**चतरा (आजाद सिपाही)।** दो वर्षों से कोविड को लेकर सरकार के गाइडलाइंस में सभी त्योहार सादगी के साथ सम्पन हुआ। त्योहार सादगी व सांकेतिक रूप से की गई। इस बार दुर्गा पूजा में काफी उत्साह व धूमधाम से मनाने को लेकर जिला भर में दुर्गा पूजा को लेकर पूजा पंडालों का निर्माण हो रही है। जिले के इटखोरी प्रखंड में कई स्थलों पर दुर्गा पूजा मनाई जाती है। इटखोरी चौक स्थित नवदुर्गा पूजा समिति के द्वारा भव्य पूजा पंडाल का निर्माण की जा रही है। साथ ही हजारीबाग के प्रसिद्ध मूर्तिकार मनोज प्रजापति के द्वारा विद्युत व जीवंत झांकी दिखाई जाएगी। जिसमें दुर्गा माता ने महिषासुर (राक्षस) को बद्ध करते इस नजर आएगी। इटखोरी चौक में दुर्गा पूजा लगभग 30 वर्षो से मनाई जा रही है। इसकी शुरूआत सुरेश सिंह व उनके सहयोगियों ने की थी। इस बार दुर्गा पूजा धूमधाम व भव्य रूप से मनाने का कमिटी ने निर्णय लिया गया है। लगभग 17 वर्षो से लगातार दुर्गा पूजा कमिटी के अध्यक्ष उदय सिंह सर्वसमिति से मनोनीत है। कमिटी के अध्यक्ष उदय सिंह ने बताया महंगाई बढ़ गई है अब पूजा करना बहुत टफ हो गया है। वाहन, व्यवसाई, समाजसेवी व कमिटी के सदस्यों के सहयोग से पूजा सफल होता है। इस बार दुर्गा पूजा में मूर्तिकार मनोज प्रजापति के द्वारा प्रतिमाओं को अंतिम रूप देने में लगे है। उन्होंने बताया विद्युत व जीवंत झांकी के साथ दुर्गा माता दिखाई देगी। साथ ही कार्यक्रम 15 मिनट का होगा। जिसमें महिशाशूर तपस्या में लीन रहते है। ब्रम्भा जी अमर बरदान देते है। पश्चात महिशाशूर चारों और तबाही मचाते है रावण काली के बद्ध पश्चात दुर्गा माता को भेजते है। काली मां राक्षस का बद्ध करते है। महेशा शुर निकलता है। मैं अमर हूं मुझे कोई नही मार सकता काली मुझे क्या मारेगी। दुर्गा मां प्रगट होती है। और महिशाशूर का बद्ध करती हैं। समेत कई कार्यक्रम दिखलाया जायेगा। साथ ही ईटखोरी के भद्रकाली टेंट हाउस के संचालक राहुल सिंह के द्वारा भव्य पंडाल का निर्माण कराया जा रहा है। वही लाइट व साउंड बिजय प्रजापति के द्वारा लगाया जाएगा। जिसमें चौक से पंडाल तक सड़क के दोनों ओर रंगबिरंगे लरियों से सजाया जाएगा। पूजा पंडाल से एतवार बाजार व चौपारण रोड में हैलोजन समेत गेट लरी झार चारों ओर सजाया जाएगा। वही चौक आस-पास साउंड चोंगा लगाया जाएगा। पूजा को लेकर सभी तरह की तैयारी को पूर्ण करने में कारीगर दिन-रात जुटे है। दुर्गा पूजा को लेकर स्वक्षता अभियान चलाकर पूजा परिसर को साफ-सफाई किया गया। पूजा के रंग व भक्ति में लोग डूबे है। कमिटी के अध्यक्ष ने आगे बताया नवमी को खीर का प्रसाद व विजयी दशमी को खिचड़ी प्रसाद वितरण की जाएगी। उन्होंने कहा श्रद्धालुओं के मनोरंजन को लेकर भक्ति जागरण करने को लेकर कमिटी विचार रही है।



## दुर्गा पूजा कमिटी का इस प्रकार किया गया विस्तार

दुर्गा पूजा कमिटी के अध्यक्ष उदय सिंह, उपाध्यक्ष सरजू रसद केशरी कोषाध्यक्ष जय विजय सिंह, महासचिव बबलू गुप्ता व बादल विश्वकर्मा, सचिव मृत्युंजय सिंह व दिलीप साव बनाये गए। कार्यकारणी सदस्य रमेश केशरी, राहुल केशरी, अजित सिंह, गुंजन सिंह, टिंकू सिंह, बड़न सिंह, छोटन सिंह, बिट्टू गोस्वामी, डब्लू पंडित, गुड्डू केशरी, मन्ना सिंह, बबलू गुप्ता, सुग्गा केशरी, गुड्डू केशरी, पप्पू सिंह, पिंटू सिंह, बिनोद सोनी, विकास दांगी, गोल्डन आलम, बबलू सिंह, नीरज सिंह, बिनोद सोनी, संदीप राम, शक्ति सिंह समेत है।

## ऑल इंडिया सेंट्रल काउंसिल ट्रेड यूनियन ने निकाली रैली



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** ऑल इंडिया सेंट्रल काउंसिल ट्रेड यूनियन का मजदूर रैली रांची के राज्यपाल भवन के समक्ष आयोजित की गई। रैली को अतिथि ऑल इंडिया सेंट्रल काउंसिल ट्रेड यूनियन के शुभेंदु सेन, डॉ. आशीष कुमार, बैजनाथ मिस्त्री, कृष्णा सिंह, गीता मंडल आदि ने संबोधित करते हुए कहा कि मजदूरों को न्यूनतम मजदूरी 24 हजार देना होगा। कोयला क्षेत्र का निजीकरण वापस लेने, गरीब-किसान विरोधी फैसले वापस लेने, काले श्रम कानूनो को वापस लेने आदि मुद्दों को भी जोरदार ढंग से रखा। साथ ही श्रम कानून का विरोध करते हुए इसे वापस लेने की बात कही गई। कहा गया कि आज देश में महंगाई चरम सीमा पर है। बेरोजगार रोजगार से वंचित हैं। सरकार इस दिशा में ठोस कदम उठावें, अन्यथा यूनियन जोरदार आंदोलन करेगी। मौके पर नकुल प्रसाद, मधु, कोल माइंस वर्कर्स यूनियन भुरकुंडा के शाखा सचिव सोमरा मुंडा सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

## सद्गुरू सदाफलदेव विहंगम योग संत समाज का सत्संग संपन्न



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** सद्गुरू सदाफलदेव विहंगम योग संत समाज के तत्वावधान में बुधवार को रामगढ़ जिले में सत्संग का आयोजन हुआ। सत्संग को संबोधित करते हुए विहंगम योग संस्थान के युवा प्रचारक एवं कुशल योग प्रशिक्षक संतोष अग्रवाल ने कहा कि घर में बैठी में मां की सेवा ही देवी मां की सच्ची आराधना है। अभी नवरात्र का पावन माह चल रहा है, सभी मां की भक्ति व पूजा-आराधना में लगे हुए हैं। उन्होंने कहा कि हम देवी मां को प्रसन्न कर उनका आशीष को पाना चाहते हैं। लेकिन दूसरी ओर कुछ लोग घर में बैठी मां को उपेक्षा की दृष्टि से देखते हैं और उनका तिरस्कार कर मंदिर में स्थापित मां को छप्पन भोग लगाना क्या यही मातृ भक्ति है। श्री अग्रवाल ने कहा कि कई लोगों अपनी बूढ़ी मां को वृद्धा आश्रम में ले जाकर छोड़ देते हुए हैं, यह अमानविता एवं लज्जाजनक ही तो है। उन्होंने कहा कि कई लोग देवी मां को प्रसन्न करने के लिए बेजुबान निर्दोष पशुओं की निर्मम हत्या कर बली चढ़ा देते हैं यह कैसी भक्ति है। उन्होंने कहा कि यदि बलि चढ़ानी ही है तो अपने अंदर के दोष, दुर्गुन, छल-कपट, झूठ की बलि क्यों नहीं चढ़ाते। बलि चढ़ानी ही है तो अपनी बुराईयों की बलि चढ़ाएं।

## किन्नी में स्व. गोपाल महतो फुटबॉल टुर्नामिंट का शुभारंभ



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** किन्नी ग्राउंड में बुधवार को स्व. गोपाल महतो पांच दिवसीय फुटबॉल टूनामेंट का शुभारंभ हुआ। मैच का उद्घाटन लबगा मुखिय हेमा कुमारी, कुरसे मुखिया संदीप उरांव, पंसस कृतिलता कच्छप, लालू महतो, पूर्व उप मुखिया अजय तुरी, उप मुखिया, संतोष यादव, मंगल महतो, कोलेश्वर महतो, अनिल महतो, नारायण महतो, लालमोहन मुंडा ने संयुक्त रूप से खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। उद्घाटन मैच सदमा बनाम सिरका के बीच खेला गया। जिसमें सदमा की टीम 1-0 से मैच जीतकर अगले चक्र में प्रवेश किया। टुनार्मेंट को सफल बनाने में आयोजन समिति के अध्यक्ष महेश चैधरी, सचिव गणेश करमाली, कोषाध्यक्ष जोसीलाल पटेल, उप कोषाध्यक्ष मनोज कुमार प्रभाकर, अश्विनी कुमार महतो, सूरज जयसवाल सहित कई लोग जुटे हैं। आयोजक समिति ने बताया कि टुनार्मेंट में कुल 16 टीमों ने हिस्सा लिया है।

## पतरातू में मनायी गयी शहीद भगत सिंह की जयंती



**पतरातू (आजाद सिपाही)।** पतरातू शहीद भगत सिंह चैक पर भगत सिंह जी की आदमकद प्रतिमा क समक्ष बुधवार को पतरातू के पत्रकारों व ग्रामीणों न उनके जयंति के अवसर पर याद किया। इस मौके पर पत्रकार मो सलीम अंसारी ने फुलमाला पहनाकर और धुपबती जलकार प्रतिमा को नमन किया और उनके बारे में बताया कि मातृभूमी की स्वतंत्रा के लिए शहीद भगत सिंह ने अपने प्राण नौछावर कर दी। ऐसे वीरों को हर घर के बच्चों को उनके सिद्धांतो के बारे में बताए जाने के जरुरत है। मौके पर मनमोहन गुप्ता, मदन शाह, अब्दुल कयुम अंसारी, राजेन्द्र रजक, बालेन्द्र साहु, मैनेजर साव, राजीव पाण्डेय, चितरंजन कुमार, पोखन साव, रंजीत ठाकुर, परमेश्वर साव, अजीत ठाकुर, बब्लु विश्वकर्मा, किशोर ठाकुर, अशोक पाठक, सूरज कुमार, प्रदीप कुमार, रामु साव, विश्वनाथ प्रसाद, इरशाद अंसारी, तरुण ठाकुर, मनोज साव, सेतोष कुमार, नंदकुमार, सुमित पाठक सहित दर्जनों अन्य पत्रकार व ग्रामीण शामिल थे।

## रामगढ़ नगर परिषद उपाध्यक्ष ने 100 केवीए के ट्रांसफॉर्मर का किया उद्घाटन



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** नगर परिषद क्षेत्र के कोठार ऊपरटोला गांव में 100 केवीए ट्रांसफॉर्मर का विधिवत फीताकाट कर उद्घाटन मुख्य अतिथि नगर परिषद उपाध्यक्ष मनोज कुमार महतो ने किया। इस दौरान उपाध्यक्ष मनोज कुमार महतो ने कहा कि गांव के लोगों ने 24 घंटे पूर्व सूचना दिया था कि नगर परिषद क्षेत्र के कोठार ऊपरटोला में ट्रांसफॉर्मर जल गया है। जिसके कारण ग्रामीणों को काफी पारेशानी हो रही थी। ग्रामीणों कि परेशानी को देखते हुए तुरंत बिजली विभाग से सम्पर्क कर दूसरा ट्रांसफॉर्मर उपलब्ध करवाया गया। गांव में बिजली आने पर ग्रामीणों के चेहरे में खुशी से खिल उठे। मौके पर नरेश महतो , मुकेश कुमार ठाकुर, राजेंद्र जयसवाल, धीरेन जयसवाल प्रदीप बनर्जी, गोपाल बनर्जी लखी ठाकुर, कैलाश ठाकुर,बिनोद पाहन चंद्रदेव पाहन, महेंद्र जयसवाल, अनिल बनर्जी, गुड्डू जयसवाल,सोनू, राजू ,शिवम, अनिल ठाकुर,राहुल शर्मा ,मदन बेदिया,राजाराम बेदिया, वकील ठाकुर , अनिता देवी, शिवानी कुमारी , गीता देवी सहित कई ग्रामीण उपस्थित हुए ।

## आपदा भुगतान के लंबित मामले का करें जल्द निष्पादन : डीसी




**चतरा (आजाद सिपाही)।** उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में प्राकृतिक आपदा प्रबंधन की बैठक की गयी। बैठक में उपायुक्त ने प्रखंड के सभी अंचलाधिकारियों को निर्देश दिया कि प्राकृतिक आपदा में संबंधित भुगतान के मामले किसी भी हाल में लंबित ना रहे। कोविड से संबंधित मृत्यु के मामले पर समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने स्वास्थ्य विभाग को निदेश दिया कि सभी मृतकों की पहचान करते हुए उनके परिजनों को सरकार द्वारा निर्धारित राषि का भुगतान किया जाय। लाभुक एवं उनके परिजनों को ससमय उचित लाभ की राषि मिले इसके लिए सभी विभागों को समन्वय स्थापित कर त्वरित गति से कार्य करने की आवश्यकता है। बैठक में मुख्य रूप से पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन, जिला वन प्रमंडल पदाधिकारी उत्तरी एसपी सुमन, अपर समाहर्ता पवन कुमार मंडल, अनुमंडल पदाधिकारी सिमरिया सुधीर दास, तथा सभी अंचल के अंचलाधिकारी उपस्थित थे।

## उपायुक्त की अगुवाई में सभी कार्यालयों में चला स्वैच्छिक सफाई अभियान



**नगर परिषद के जनप्रतिनिधि व अधिकारी भी सफाई के लिए उतरे सड़कों पर**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** बुधवार को उपायुक्त सुशांत गौरव के निर्देशानुसार जिला मुख्यालय के सभी सरकारी कार्यालयों के परिसरों में एक घंटे स्वैच्छिक श्रमदान से स्वच्छता अभियान चलाया गया। इसके अलावा विभिन्न प्रखंडों, अंचलों, परियोजना विद्यालयों, कस्तूरबा विद्यालयों आदि में भी सघन स्वच्छता अभियान चलाया गया।

स्वच्छ अमृत महोत्सव के अंतर्गत चल रहे विभिन्न कार्यक्रमों की श्रृंखला के क्रम में सुबह 10 बजे सभी कार्यालयों के खुलने के उपरांत सबसे पहला काम सफाई का काम किया गया।

उपायुक्त सुशांत सुशांत गौरव ने कलेक्ट्रेट परिसर में चलाए गए स्वच्छता अभियान का नेतृत्व करते हुए खुद श्रमदान किया। उन्होंने अपने हाथ से स्वयं कचरा उठाकर न केवल संग्रहीत किया बल्कि उसको स्वच्छता गाड़ी को सौंपा। उपायुक्त को इस प्रकार से कार्य करते हुए देखकर अन्य अधिकारी भी इस दौरान उनका अनुकरण कर रहे थे। समाहरणालय परिसर में उपायुक्त के नेतृत्व में चले इस सफाई अभियान में लगभग 200 से अधिक लोगों की सहभागिता रही।

नगर परिषद के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, कार्यपालक पदाधिकारी, वार्ड पार्षद गण, सभी कर्मचारी तथा स्वैच्छिक कार्यकर्ताओं ने पहले नगर परिषद के कार्यालय परिसर की साफ-सफाई की, तदुपरांत वहां से समूह में निकलकर टावर चौक, पटेल चौक, टाउन हॉल तथा कलेक्ट्रेट परिसर तक का पैदल मार्च किया। टाउन हॉल परिसर में 200 से अधिक स्वच्छता कर्मियों व स्वच्छता प्रेमियों ने वर्ष भर समय-समय पर श्रमदान से ऐसे ही कार्यक्रमों में सहभागिता का संकल्प लिया।

**2 अक्टूबर को होगा विशेष आयोजन :** कार्यपालक पदाधिकारी ने बताया कि 2 अक्टूबर को स्वच्छता को लेकर विशेष आयोजन किया जाएगा, जिसमें स्वच्छता सम्मान भी प्रदान किए जाएंगे।

**कार्यक्रम :** झानद के जन सत्याग्रह कार्यक्रम में केंद्रीय संयोजक विजय सिंह ने कहा

## बांटो और राज करो की नीति पर काम कर रही हैं सरकारें

**मोदी एवं हेमंत सरकार अपने चुनावी वादा पूर्ण करें नहीं तो आंदोलन तेज किया जाएगा**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



### जागो अभियान को तेज करना होगा : रहमान

**सर्वोदय सांस्कृतिक कला मंच के प्रभारी हाफिजुर रहमान ने कहा कि अब झारखंड को बचाने के लिए झानद द्वारा संचालित जागो अभियान को तेज करना होगा, तभी झारखंडियों का कल्याण होगा। जन सत्याग्रह कार्यक्रम के जरिए 9 अक्टूबर 2022 को महिला मंडल की जिला स्तरीय बैठक जिला मुख्यालय में आयोजित करने, 15 अक्टूबर 2022 को नागपुरी भाषा के प्रख्यात साहित्यकार स्व. सहनी उपेंद्र पाल नहन की जयंती पर जिला मुख्यालय में भव्य कार्यक्रम की घोषणा के साथ ही गुमला-लोहरदगा के सीमांत पर एल्युमिनियम कारखाना निर्माण कराने, महिला उत्पीड़न पर रोक तथा महिलाओं को रोजगार सहित जिले की ज्वलंत जन समस्याओं से जुड़ा सात सूत्री मांग-पत्र गुमला उपायुक्त के माध्यम से राज्य सरकार को भेजा गया।**

**गुमला।** झारखंड नवनिर्माण दल जिला समिति गुमला के तत्वावधान में पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत शहीद भगत सिंह की जयंती पर बुधवार को गुमला कचहरी मैदान में जन सत्याग्रह कार्यक्रम झारखंड आंदोलनकारी सह जेएनडी का गुमला नगर परिषद प्रभारी अजीत विश्वकर्मा व महिला नेत्री कुसुमा मिंज की संयुक्त अध्यक्षता में हुआ। शहीद भगत सिंह के चित्र पर पुष्पांजलि के बाद कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए झारखंड नवनिर्माण दल के केंद्रीय संयोजक विजय सिंह ने कहा कि देश में बांटो और राज करो की नीति पर सरकारें काम कर रही हैं। शहीद भगत सिंह जैसे वीर शहीदों द्वारा जलाई गई इंकलाब की मशाल को नहीं बुझने देने का संकल्प दोहराते हुए श्री सिंह ने यह भी कहा कि केंद्र सरकार आजादी के 75 साल होने की खुशी में अमृत महोत्सव मना रही है वहीं देश में किसान आत्महत्या को मजबूर हैं और गरीब-मजदूर भूख व बीमारी से दम तोड़ रहे हैं। भ्रष्टाचार, महंगाई व बेरोजगारी जैसी समस्याओं से देशवासी त्राहिमाम कर रहे हैं। वहीं केंद्र व राज्य सरकार सिर्फ जुमलेबाजी करने में लगी है। श्री सिंह ने केंद्र सरकार पर चुटकी लेते हुए कहा कि बुलेट ट्रेन का सपना दिखाने वाली मोदी सरकार अब तक गुमला को रेल लाइन से जोड़ने का प्रक्रिया तक शुरू नहीं कर पायी है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि मोदी व हेमंत सरकार अपने चुनावी वादा पूर्ण करें नहीं तो आंदोलन तेज किया जाएगा।

रैयत व मजदूर नेता प्रकाश उरांव ने हेमंत सरकार पर सिर्फ घोषणा कर वाहवाही लूटने की आदी होने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि 1932 का खतियान आधारित स्थानीय व नियोजन नीति राज्य सरकार को ही करना है लेकिन मामले को लटकाने के लिए केंद्र सरकार को भेजने की बात कहकर हेमंत सरकार झारखंड की जनता को बेवकूफ बनाने का काम कर रही है। किसान नेता आदित्य सिंह ने कहा कि गुमला में किसानों के विकास के नाम पर लूट मची है। उन्होंने हेमंत सरकार द्वारा केसीसी लोन माफी का प्रमाण-पत्र किसानों को देने की मांग की। झारखंड आंदोलनकारी सह जेएनडी नेता अजीत विश्वकर्मा ने कहा कि गुमला को रेल लाइन से नहीं जोड़कर केन्द्र सरकार जिला वासियों के साथ घोर अन्याय कर रही है। महिला नेत्री सरिता देवी व मालती देवी ने कहा कि गुमला में संस्था के लोग महिला मंडल का वर्षों से हक मारने में जुटे हुए हैं, यही कारण है कि महिला मंडल के नाम से करोड़ों रुपए आने के बावजूद महिला मंडल का विकास नहीं हुआ। महिला मंडल की नेत्री कुसुमा मिंज व खेमसरी देवी ने कहा कि राज्य में नशाबंदी होनी चाहिए।

कार्यक्रम में प्रकाश उरांव, आदित्य सिंह, अजीत विश्वकर्मा, हाफिजुर रहमान, शंकर उरांव, गोपेश्वर गोप, शुभन उरांव, ललन साहू, शिवप्रसाद साहू, सोमरा खड़िया, खेमसरी देवी, कुसमा मिंज, मालती देवी, रुकमणी कुमारी, रोशनी देवी, चिंता देवी, आरती देवी, अनीता देवी, बिलो भगत, विनीता उरांव, संगीता देवी, प्रियंका तिर्की, प्यारी कुजूर, मीना साहू, बिरसमुन्नी देवी, सुषमा किंडो , अनीमा डुंगडुंग के अलावे अन्य लोग उपस्थित थे।

**महत्वपूर्ण न्यूज**

## सिसई बीडीओ ने लंबित आवासों को जल्द पूर्ण करने के दिये निर्देश



**सिसई (आजाद सिपाही)।** कुदरा पंचायत भवन में बुधवार को बीडीओ सुनीला खलखो ने लंबित आवास लाभुकों के साथ बैठक कर जल्द से जल्द आवास पूर्ण करने का निर्देश दिया। बीडीओ ने बताया कि कुदरा पंचायत में वितीय वर्ष 16-17 से 21-22 तक 91 लाभुकों को प्रथम व द्वितीय किस्त भुगतान होने के बाद भी कई आवास पूर्ण नहीं कर रहे हैं, वहीं कई लाभुक तीन साल बीत जाने के बाद भी नींव की खुदाई तक नहीं किये हैं। बीडीओ ने लाभुकों को आवास पूर्ण करने, या आवास नहीं बनाने की स्थिति में राशि वापस करने का निर्देश दिया। ऐसा नहीं करने पर उन्होंने लाभुकों के विरुद्ध सर्टिफिकेट केस करने की बात कही। लाभुकों ने बालू की किल्लत व निर्माण सामग्री की महंगाई होने, खेती लगे होने से सामग्री पहुंचने में कठिनाई, मजदूरी भुगतान में विलंब होने सहित अन्य समस्या बीडीओ को गिनाया। मौके पर मुखिया प्रकाश उरांव, पंसस अनिता उराईन, पंचायत सचिव मिलखन टोप्पो, आवास समन्वयक आलोक कुमार मिश्रा, स्वयंसेवक ओज कुमार जायसवाल, महावीर महली, अब्दुल वाहिद अंसारी, संगीता देवी, ग्राम प्रधान बासुदेव उरांव, लाभुक पति राम उरांव, गंदुर उरांव, मनीराम महली, सुखराम उरांव, बिरसा उरांव, चामा उरांव, मंजू देवी सहित दर्जनों लाभुक मौजूद थे।

## विकास भारती के सौजन्य से बिशुनपुर में नि:शुल्क एंबुलेंस सेवा की शुरुआत

**बिशनपुर (आजाद सिपाही)।** कार्तिक उरांव चौक के समीप बुधवार को निशुल्क एंबुलेंस सेवा का उद्घाटन एसटी मोर्चा के प्रमुख भिखारी भगत, जिला परिषद सदस्य पवन उरांव, बिशुनपुर मुखिया रामप्रसाद बड़ाईक, बिशुनपुर मंडल अध्यक्ष केदार साहू द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर उद्घाटन किया गया। इस मौके पर एसटी मोर्चा के प्रमुख भिखारी भगत ने कहा कि विकास भारती के सचिव पद्मश्री अशोक भगत के प्रयासों से आज बिशनपुर में एंबुलेंस सेवा की शुरुआत की जा रही है। अच्छी चिकित्सा सुविधा के लिए हमारे प्रखंड के लोग गुमला-रांची नहीं जा पाते हैं क्योंकि उनके पास एंबुलेंस का किराया देने के लिए पैसा नहीं होता है। उनके लिए यह वरदान साबित होगा। एंबुलेंस सेवा 24 घंटे प्रखंडवासियों को मिलेगी। इस मौके पर जितेंद्र कुमार, देवी सिंह, संजय राज, राधे सिंह, साधु ठाकुर सहित कई लोग उपस्थित थे।

## डुमरी बीडीओ-सीओ ने प्रखंड परिसर में चलाया स्वच्छता अभियान

**डुमरी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड प्रशासन की ओर से बीडीओ एकता वर्मा, सीओ शिवपूजन तिवारी की अगुवाई में बुधवार को सफाई अभियान चलाया गया। जिसमें प्रखंड सह अंचल एवं जेएसएलपीएस के सभी कर्मी शामिल थे। बीडीओ और सीओ द्वारा झाड़ू लगाकर सफाई की गयी। जिसमें प्रखंड मुख्यालय और जेएसएलपीएस कार्यालय परिसर के आसपास कचड़े को चुनकर डस्टबिन में डाला गया और झाड़ू लगाकर सफाई की गई। कार्यालय के अगल बगल में उगे हुए घास-फूस की सफाई की गयी। सीओ ने कहा कि लोग अपने स्तर से कचरा नहीं फैलाएं, जहां तक हो सभी सफाई पर ध्यान दें। मौके पर बीडीओ ने कहा कि बीमारियों से बचने के लिए जीवन में साफ सफाई बहुत जरूरी है। हम लोग जहां कहीं भी रहें चाहे वो घर हो या ऑफिस हो साफ-सफाई सभी जगह होनी चाहिए। मौके पर अभिषेक मिश्रा सहित सभी कर्मी उपस्थित थे।

## प्रदीप बलमुचू को आदिवासी कांग्रेस का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाये जाने पर दी बधाई



**गुमला (आजाद सिपाही)।** प्रदीप बलमुचू को आदिवासी कांग्रेस का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाया गया है। इससे गुमला के कांग्रेसियों में खुशी है। वरीय उपाध्यक्ष रमेश कुमार चीनी ने बधाई देते हुए कहा कि शीर्ष कमेटी का यह निर्णय सराहनीय और स्वागत योग्य है। प्रदीप इस पद हेतु सुयोग्य व कर्मठ व्यक्ति थे। अब आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि देश के सभी आदिवासियों के उत्थान के साथ साथ पार्टी को भी प्रगति पथ पर ले जाने में प्रदीप का अमूल्य योगदान रहेगा। साथ ही इससे सोनिया गांधी का हाथ मजबूत होगा। कार्यकर्ताओं में भी नयी उर्जा और उत्साह का संचार निश्चित है। बधाई देने वालों में वरीय उपाध्यक्ष अकील रहमान, हेमावती देवी, रामनिवास प्रसाद, कलावती देवी, अरूण गुप्ता, हिमेश कुमार व सुनील कुमार आदि शामिल हैं।

## बसिया में अनियंत्रित कार पेड़ से टकराने से तोरपा चर्च के फादर सुधीर की मौत

**बसिया (आजाद सिपाही)।** कोनवीर नवाटोली संत उसुर्लाइन कॉन्वेंट बालिका विद्यालय गेट के समीप रांची-सिमडेगा मुख्य पथ पर कार सवार 45 वर्षीय सुधीर इग्नासुस तोपनो ने अनियंत्रित होकर सड़क किनारे स्थित एक बरगद पेड़ को जोरदार टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में कार चालक सुधीर इग्नासुस तोपनो की मौके पर ही मौत हो गई। घटना बुधवार सुबह लगभग 10:00 बजे की है। मृतक सुधीर तोरपा चर्च के फादर थे, जो कि सिमडेगा से खुद ही गाड़ी चला कर तोरपा जा रहे थे। कार में सुधीर अकेले थे। घटना के बाद स्थानीय लोगों एवं राहगीरों की मदद से 108 एंबुलेंस को बुलाकर उन्हें रेफरल अस्पताल बसिया भेजा गया। वहीं घटना की जानकारी मिलते ही बसिया पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में ले लिया है।

## विद्या विकास समिति के दूसरे दिन के खेलकूद में विभिन्न प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन

**विजेता प्रतिभागियों को अतिथियों ने किया सम्मानित**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गुमला।** विद्या विकास समिति द्वारा आयोजित 33वां प्रांतीय/ क्षेत्रीय (झारखंड बिहार) तरुण वर्ग खेलकूद प्रतियोगिता में प्रातः स्मरण तथा सरस्वती वंदना के साथ दूसरे दिन का खेल आरंभ हुआ। प्रातः 6:00 बजे से संध्या 5:00 बजे तक चलने वाली प्रतियोगिता में 100 मीटर, 400 मीटर, 600 मीटर, 800 मीटर, तथा 3000 मीटर की दौड़ प्रतियोगिता संपन्न हुई। प्रतियोगिता में बाल, किशोर तथा तरुण वर्ग के प्रतिभागी शामिल हुए। इनके अलावा लॉन्ग जंप, शॉट पुट ट्रिपल जंप जैवलिन, 400 मीटर हर्डल प्रतियोगिता में बाल, किशोर एवं तरुण वर्ग के प्रतिभागी शामिल हुए। समाचार लिखे जाने तक शॉट शॉट पुट बहनों की तरुण वर्ग में सीनिडीह प्रथम तथा राजकमल द्वितीय स्थान पर कब्जा जमा लिया। वहीं 3000 मीटर की दौड़ में सिंदरी तथा सीनिडीह की तरुण वर्ग की बहनें क्रमशः प्रथम तथा द्वितीय स्थान पर रहीं। 3000 मीटर की दौड़ में तरुण बाल वर्ग में बाघमारा तथा राजकमल के भैया प्रथम तथा द्वितीय स्थान पर रहे। 3000 मीटर की दौड़ में सीनिडीह तथा सिसई आश्रम कि किशोर वर्ग की बहनें प्रथम तथा द्वितीय स्थान पर रहीं। वहीं 3000 मीटर की दौड़ में बसिया तथा जोरी के किशोर वर्ग के भैया प्रथम तथा द्वितीय स्थान पर रहे। 600 मीटर की दौड़ में लांजी तथा कुल्ही के बाल वर्ग के भैया प्रथम तथा द्वितीय स्थान पर रहे। शॉट पुट में सीनिडिह तथा राजकमल के तरुण वर्ग के भैया प्रथम तथा द्वितीय स्थान पर रहे। 300 मीटर की दौड़ में सिंदरी तथा सीनिडिह के तरुण वर्ग के भैया क्रमशः प्रथम तथा द्वितीय स्थान पर रहे। 400 मीटर हर्डल में राजकमल तथा डीके तरुण वर्ग के भैया क्रमशः प्रथम तथा द्वितीय स्थान पर रहे। 100 मीटर के दौर में राजकमल तथा सिंदरी के तरुण वर्ग के भैया क्रमशः प्रथम तथा द्वितीय स्थान पर रहे। विजेता प्रतिभागियों को क्षेत्रीय सचिव नकुल शर्मा, विद्या विकास समिति के सचिव अजय कुमार तिवारी, गुमला विभाग के विभाग निरीक्षक अखिलेश कुमार, प्लामू विभाग के विभाग निरीक्षक नीरज लाल तथा पूर्व छात्र परिषद के भैया ने सम्मानित किया। मेजबान सरस्वती शिशु विद्या मंदिर गुमला के आतिथ्य से सभी खिलाड़ियों तथा निर्णायकों में उत्साह देखा गया। इस बीच सभी प्रतियोगिताओं पर विभाग प्रमुख अखिलेश कुमार, प्रबंध कारिणी समिति के सचिव तथा खेल संयोजक अमृत कुमार मेटे, अध्यक्ष विजय बहादुर सिंह तथा विद्यालय के प्रधानाचार्य संजीव कुमार सिन्हा पैनी निगाह बनाए रखे हैं।

## 24 घंटे के अंदर बिजली व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो देंगे धरना : शिवकुमार



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** कांग्रेस पार्टी के पूर्व प्रदेश प्रवक्ता शिव कुमार भगत टुनटुन ने बिजली की लचर व्यवस्था पर नाराजगी प्रकट करते हुए कहा है कि त्योहार में इस तरह से बिजली की कटौती बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बीते दो दिनों से बिजली की आंख मिचौली से पूरे प्रखंड के लोग परेशान हैं। महत्वपूर्ण त्यौहार दशहरा को लेकर पूरे प्रखंड में भक्तिमय माहौल में नवरात्र का पाठ किया जा रहा है और ऐसे में बिजली के अभाव में पूरा प्रखंड अंधेरे में रहना काफी चिंतनीय है। सबसे बड़ी बात यह है कि बिजली विभाग के कर्मी के कानों में जूं तक नहीं रेंगती। सभी ऑफिस में बैठकर कुर्सियां तोड़ रहे हैं और प्रखंड के लोग बिजली के कारण परेशान हैं। यदि 24 घंटे के अंदर बिजली की लचर व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो अपने समर्थकों के साथ चांदनी चौक पर बैठकर धरना देंगे।

## मजदूर का शव कर्नाटक से मंगाने की परिजनों ने बीडीओ से लगायी गुहार



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** घाघरा प्रखंड के चुंदरी गांव के मजदूर करमदयाल उरांव (25) की कर्नाटक में काम के दौरान बीमार होने से मृत्यु हो गयी। मृत्यु की खबर मिलने के बाद बुधवार को चुंदरी पंचायत के पूर्व मुखिया आदित्य भगत, उपमुखिया अजित मणि पाठक, पीड़ित के पिता बुद्धदेव उरांव ने बीडीओ विष्णुदेव कच्छप से मुलाकात कर शव मंगाने की गुहार लगायी। पीड़ित पिता ने बताया कि उसका पुत्र करमदयाल उरांव मार्च 2022 में कर्नाटक में काम करने गया था। वहां एसजेके इंफ्रा सर्विस कर्नाटक कंपनी में काम करता था। विगत 21 सितंबर शाम को उसको तेज बुखार होने पर कर्नाटक के वामसोहदया हॉस्पिटल में इलाज हेतु उसके जीजा अनोज उराव द्वारा भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान 27 सितंबर को उसकी मौत हो गयी। घर की स्थिति काफी दयनीय है, हम लोग अत्यंत गरीब हैं। बीडीओ विष्णु देव कच्छप ने कहा कि मामला मेरे संज्ञान में आया है जल्द ही शव मंगाने को लेकर पहल की जा रही है। जल्द पीड़ित के पुत्र का शव को मंगाया जाएगा।

**कार्यक्रम :** जिला भाजपा ने किया बुद्धिजीवी विचार गोष्ठी एवं मोदी@20 पुस्तक का विमोचन

## नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश काफी मजबूत हुआ है : प्रो. सुदामा सिंह

**देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ऊपर लिखी गई पुस्तक मोदी@20 सभी लोगों को अवश्य पढ़नी चाहिये**

**आजाद सिपाही संवाददाता**




### नरेंद्र मोदी की कार्यशैली सभी को प्रभावित करती है : अध्यक्ष

**मौके पर भाजपा के जिला के अध्यक्ष अनूप चंद्र अधिकारी ने कहा कि नरेंद्र मोदी आज विश्व के सबसे शक्तिशाली नेताओं में से एक हैं। उनकी कार्यशैली सभी को प्रभावित करती है। उनके कार्यकाल में धारा 370 जैसे कई महत्वपूर्ण मुद्दों को सुलझाया गया। यह अपने आप में प्रत्येक भारत वासियों के लिए एक गर्व का विषय है।**

**गुमला।** जिला मुख्यालय स्थित उत्कल पॉइंट के सभागार में भारतीय जनता पार्टी गुमला जिला के द्वारा सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत बुद्धिजीवी विचार गोष्ठी और मोदी@20 पुस्तक का विमोचन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बतौर मुख्य वक्ता कार्तिक उरांव महाविद्यालय के पूर्व प्रो. सुदामा सिंह ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि नरेंद्र मोदी देश की आन बान और शान हैं। आज उनके नेतृत्व में निश्चित तौर पर देश काफी मजबूत हुआ है। उनकी विदेश नीति का लोहा आज पूरा विश्व एक उदाहरण के तौर पर देखता है। उन्होंने लोगों से अपील की कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ऊपर लिखी गई पुस्तक मोदी@20 सभी लोगों को अवश्य पढ़नी चाहिए।

कार्यक्रम में उपस्थित प्रो. हरीकिशोर साही ने कहा कि नरेंद्र मोदी सिर्फ एक व्यक्ति नहीं बल्कि अपने आप में एक संस्था की तरह हैं, जिसे समझना हम जैसे साधारण इंसानों के लिए लगभग असंभव सा प्रतीत होता है। कार्यक्रम में आए हुए अतिथि प्रोफेसर दिलीप प्रसाद ने कहा कि आज देश का प्रत्येक नागरिक अपने प्रधानमंत्री के ऊपर गर्व महसूस करता है। इससे पूर्व कार्यक्रम की शुरुआत पं. दीनदयाल उपाध्याय और डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की तस्वीर पर माल्यार्पण कर की गई। तत्पश्चात सभी अतिथियों के द्वारा मोदी@20 पुस्तक का विमोचन किया गया।

इस अवसर पर आए हुए अतिथियों में मुख्य रूप से शिक्षक संदीप प्रसाद, प्राण रंजन दत्ता, जिला परिषद अध्यक्ष किरण माला बाड़ा, अधिवक्ता राकेश वर्मा, प्रो. हरि किशोर शाही, गायत्री देवी, अधिवक्ता रविंद्र सिंह, भाजपा उपाध्यक्ष गायत्री देवी, जिला महामंत्री सत्यनारायण पटेल और मिसिर कुजूर ने भी अपने विचारों को रखा। कार्यक्रम का संचालन भाजयुमो महामंत्री संदीप प्रसाद ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन कार्यक्रम संयोजक भाजयुमो जिलाध्यक्ष रविंद्र सिन्हा ने किया। इस अवसर पर महिला मोर्चा की पूर्व अध्यक्ष श्रीमती शैल मिश्रा, महिला मोर्चा महामंत्री पायल तिवारी, पूर्व जिलाध्यक्ष विजय मिश्रा, सविंद्र सिंह, संदीप प्रसाद, सौरभ गुप्ता, अभिषेक गुप्ता, विजय शंकर दास, लक्ष्मी विश्वकर्मा, लक्ष्मी नारायण सिंह, विकास सिंह, भोला चौधरी, दिनेश सिंह, चितरंजन मिश्रा, सुजीत नंदा, रामावतार भगत, मीरा देवी, दामोदर कसेरा, बालकेश्वर सिंह, कौशलेंद्र जमुआर सहित कई भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद थे।

## संत माइकल स्कूल में शिक्षक की पिटाई से 13 छात्र घायल

**अभिभावकों ने बीडीओ से की शिकायत, थाने में आवेदन देकर की शिक्षक के विरुद्ध कार्रवाई की मांग**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड मुख्यालय के संत माइकल इंग्लिश मीडियम स्कूल के शिक्षक की पिटाई से स्कूल में पढ़ाई करने वाले 13 छात्र घायल हो गये। सभी घायल छात्रों का प्राथमिक उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चैनपुर में कराया गया। शिक्षक के द्वारा छात्रों की पिटाई की सूचना जब उनके अभिभावकों को हुई तो वे आग बबूला हो गए और शिक्षक के द्वारा की गई छात्रों की पिटाई की शिकायत चैनपुर प्रखंड विकास पदाधिकारी से की गयी। साथ ही चैनपुर थाने में भी लिखित आवेदन दिया और शिक्षक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। शिक्षक की मार से घायल विद्यार्थी कमर राजा खान ने बताया कि विद्यालय के शिक्षक विकास उर्फ श्रील कुजूर हमें डांस करने के लिए कह रहे थे, हमने डांस करने से मना किया तो दरवाजा बंद करके बेरहमी से पिटाई की। इसकी शिकायत करने हम प्रिंसिपल हेंड्री कुल्लू के पास गए तो प्रिंसिपल ने शिक्षक से कहा कि और मारो हमारा राज चलता है। कमर राजा खान, शाश्वत कुजूर, सुमित कुमार जैसवाल समेत 13 बच्चों के साथ शिक्षक द्वारा बेरहमी से मारपीट किये जाने के बाद स्कूल में पढ़ने वाले और बच्चे भी भयभीत हो गए हैं और अपने अपने अभिभावकों से उस स्कूल में नहीं पढ़ने की बात कह रहे हैं। कई बच्चे तो डर के साये में ही शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं।

इस संबंध में बीडीओ डॉ शिशिर कुमार सिंह ने कहा कि विद्यालय के 13 छात्रों के साथ शिक्षक के द्वारा मारपीट के मामले में एक जांच टीम का गठन किया जाएगा। जांच के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी। बच्चों के साथ मारपीट की घटना काफी दुःखद है।

